INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-332 | मथुरा, रविवार, 25 जनवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay



INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-332 | मथुरा, रविवार, 25 जनवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# बूथ की मजबूती से ही खिलेगा विकास का कमल : नितिन नवीन



फूल की बारिश के बीच हाथ जोड़कर आगे बढ़ते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन।



वृंदावन पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन को गुलदस्ता देकर स्वागत करते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की पावन धरा आज केसरिया रंग में सराबोर नजर आई। अवसर था भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रथम मथुरा आगमन हुआ। अक्षय पात्र से लेकर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर तक, संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं का जोश यह बताने के लिए पर्याप्त था कि आगामी चुनौतियों के लिए भाजपा का किला पूरी तरह अभेद्य है।

कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वागत मंच पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मौजूद थे। मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष की जुगलबंदी ने कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया। मंच पर राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, भाजपा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह जैसे दिग्गजों की उपस्थिति ने इसे एक बड़े संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया। अपने प्रवास की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वृन्दावन स्थित अक्षय पात्र चंद्रोदय मंदिर से की। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने

## शक्ति और भक्ति का संगम

## मथुरा से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया विजय मंत्र

## सीएम योगी बोले— 'ब्रज का गौरव हमारी पहचान'

उनको जीत का मंत्र दिया।

कहा कि कार्यकर्ता कमर कस लें। विश्वास दोहराया कि 2027 में फिर भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने ओजस्वी वाणी में कहा:भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल इसलिए है, क्योंकि हमारे पास आप जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। मेरा मथुरा आगमन केवल एक दौरा नहीं, बल्कि इस पावन भूमि से आशीर्वाद लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प है। आगामी चुनावों और संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए हमें 'बूथ स्तर' पर अभेद्य घेराबंदी करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। याद रखिए, जब बूथ का कार्यकर्ता सक्रिय होता है, तो दिल्ली और लखनऊ में कमल अपने आप खिलता है। यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को संगठन के पदाधिकारियों के साथ सुना।

## ब्रज की पावन धरती धर्म, संस्कृति और कर्म की संगम स्थली— मुख्यमंत्री

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में ब्रज के महत्व को रेखांकित करते हुए विपक्ष पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि ब्रज की यह पावन धरती धर्म, संस्कृति और कर्म की संगम स्थली है। पहले की सरकारों ने मथुरा और वृन्दावन को उपेक्षित रखा था, लेकिन आज यहाँ की तस्वीर बदल रही है। हम केवल सड़कों और पुलों का निर्माण नहीं कर रहे, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित कर रहे हैं। 'ब्रज तीर्थ विकास परिषद' के माध्यम से आज वृन्दावन से लेकर गोवर्धन तक विकास की गंगा बह रही है। कार्यकर्ता घर—घर जाकर सरकार की इन उपलब्धियों को बताएं और सुशासन के इस रथ को रुकने न दें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपराध मुक्त होकर निवेश का गंतव्य बन चुका है, और इसमें संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अब योगेश्वर की नगरी से नवीन युग शुरू होगा। अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की कमान भी युवा के हाथों में पहुंच गई है। पत्रकार वार्ता और अनौपचारिक चर्चाओं के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की असली ताकत जमीन पर काम करने वाला कार्यकर्ता है।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला प्रभारी अशोक कटारिया, जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, कैबिनेट मंत्री चौधरी, लक्ष्मीनारायण, मंत्री संदीप सिंह, पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, विधायक राजेश चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, सांसद सतीश गौतम, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल गौतम, संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, रामकिशन पाठक, सुरेंद्र प्रधान, विनीत शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, हरिओम शर्मा एडवोकेट, पवन हिंडोल, यज्ञदत्त कौशिक,लालित गौतम , मनोज सौनोठ, हेमंत खंदौली, हरिओम शर्मा, अंकुर गुर्जर, विजय शर्मा तथा नितिन चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

## ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दरबार में हाजिरी



**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** मथुरा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से दर्शन किए। तीनों नेताओं ने एक साथ मंदिर पहुंचकर ठाकुर बांके बिहारी महाराज के समक्ष विधिवत हाजिरी लगाई।

दर्शन के दौरान सभी नेताओं ने हाथ जोड़कर और आंखें बंद कर ठाकुर जी के चरणों में नमन किया तथा अपने मन की भावनाएं प्रकट करते हुए प्रदेश व देश की सुख—समृद्धि की कामना की। माना जा रहा है कि उन्होंने जनता के कल्याण और उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष प्रार्थना की। मंदिर सेवायतों द्वारा विधिपूर्वक दीप प्रज्वलन कर पूजा—अर्चना कराई गई, जिसके पश्चात ठाकुर बांके बिहारी महाराज का आशीर्वाद प्रदान किया गया।

तीनों वीआईपी नेताओं को विशेष वीआईपी मार्ग से मंदिर परिसर में लाया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस एवं सुरक्षा बल तैनात रहे, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। नेताओं के आगमन से मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री योगी से हाई पावर्ड कमेटी की मुलाकात



**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ठाकुर बांके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। यह भेंट शिष्टाचार एवं मंदिर प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के दौरान की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कमेटी के सदस्यों से संवाद किया और मंदिर की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा धार्मिक परंपराओं के संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा किए।

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार, जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रह चुके हैं, ने मुख्यमंत्री को मंदिर से संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

इस मौके पर कमेटी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। इनमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) मुकेश मिश्रा, राजभोग समूह के सदस्य श्रीवर्धन गोस्वामी, शयनभोग समूह के सदस्य दिनेश कुमार गोस्वामी तथा विजय कृष्ण गोस्वामी (बब्बू) प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी सदस्यों ने मंदिर की परंपराओं, सेवाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा को और बेहतर बनाने के सुझाव रखे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें धार्मिक आस्था, प्रशासनिक सहयोग और जनहित को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। यह मुलाकात मंदिर प्रबंधन और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने चेहरे चमकाए

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के यहां आगमन पर जिले के कई प्रमुख नेताओं ने अपने चेहरे चमकाने की कोशिश की। प्रमुख नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ दोनों अध्यक्षों का जोशीला स्वागत किया। सबूत बतौर फोटो खिंचवाए। इसके पीछे की वजह यह थी कि भविष्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, विधानसभा और लोकसभा चुनाव आने हैं। तीनों चुनावों के मैदान में जिले में बड़ी संख्या में दावेदारी होने वाली हैं। क्योंकि सभी चुनावों को लेकर मथुरा जिले में अभी से हलचल शुरु हो गई है। कई दावेदारों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी किया। उनके साथ कितने कार्यकर्ता हैं। ऐसे दावेदारों के फोटो शीर्ष नेताओं के साथ फेसबुक पर खूब शेयर होते देखे गए।

### कई दावेदारों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी किया

## प्रस्तावित मार्गों पर पुलिस की रही पैनी नजर

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित मार्गो पर पुलिस की सुबह से पैनी नजर रही। इसी तरह से वापसी पर भी सतर्कता बरती गई। वृंदावन से मथुरा तक मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी के निवास स्थान वेस्ट प्रताप नगर तक पुलिस का सख्त पहरा नजर आया। लोगों की आवाजाही पर रोका गया।

# युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं नितिन नवीन : योगी आदित्यनाथ

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** अक्षयपात्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार उत्तर प्रदेश के दौरे पर पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का ब्रज की धरा पर स्वागत–अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए राधे–राधे, वृंदावन बिहारी लाल, श्री राधा रानी, यमुना मैया, हर–हर महादेव, जय श्रीराम, भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् की गूंज के साथ आध्यात्मिक व राष्ट्रवादी चेतना का संचार करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नया दायित्व दिया है। इस दायित्व के पश्चात योगश्वर श्रीकृष्ण की पावन धरा पर उनका प्रथम आगमन आह्लादकारी क्षण है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रज प्राचीन काल से तीर्थ भूमि रही है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव आदि तीर्थ हजारों वर्षों से सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणा हैं। यहां के रज–रज, कण–कण में श्रीकृष्ण, राधा रानी और हजारों वर्षों की विरासत का अंश श्रद्धालु आज भी ढूंढते हैं। उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पावन जन्मभूमि भी मथुरा में पड़ती है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से ब्रज भूमि



अक्षय पात्र परिसर में भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### भाजपा ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नया दायित्व दिया है

भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत के साथ ही विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी अब 'बीमारू' नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रू बनकर संबल बन रहा है। पांच साल से अधिक समय से यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी का नौजवान अब पहचान के लिए मोहताज नहीं है। देश में अब वह कहीं भी जाकर गर्व से कह सकता है कि मैं यूपी का नागरिक हूं। एक समय था, जब यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया था, लोग यहां की विरासत को कोसते थे, हमें अपमानित करते थे।

## ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर का मामला

# नितीन नवीन एवं योगी आदित्यनाथ पहुंचने से पहले महिलाओं का हंगामा



लोहे के जाल पर खड़ी होकर नारेबाजी करती सेवायत गोस्वामियों के परिवार की महिलाएं।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** रविवार को ठाकुर बांके बिहारी महाराज के दर्शन करने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पहले मंदिर में कुछ देर के लिए हंगामा हो गया।

प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर आम श्रद्धालुओं के साथ सेवायत गोस्वामी का प्रवेश भी रोक दिया गया। इतना ही नहीं मंदिर में दर्शन के लिए जा रही सेवायत गोस्वामी परिवार की महिलाओं को भी प्रवेश से रोक दिया गया। इसके बाद सेवायत गोस्वामी ने अच्छा खासा हंगामा खड़ा कर दिया। मंदिर परिसर में ही गोस्वामी समाज के हंगामे से प्रशासन के आला अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और आनन फानन में आक्रोशित गोस्वामियों को समझा बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया। गुस्साई महिलाओं ने परिक्रमा मार्ग में प्रशासनिक हठधर्मिता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रेणु गोस्वामी ने बताया कि कोई विरोध नहीं था केवल दर्शन करने आए थे। लेकिन आज भावुक हूं केवल अपने लाला को देखने आए थे पर आज योगी जी के राज में। सनातन के रक्षक कहने वालों के राज में अन्याय हुआ है।

नीलम गोस्वामी ने बताया कि वह कोई विरोध नहीं बल्कि दर्शन करने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा मंदिर है। योगी आदित्यनाथ को देख लें अपनी पीड़ा कह दें। लेकिन पुलिस ने यहां बंधक बना दिया सभी गेट बंद कर दिए। इस तरह से पुलिस खड़ी हो गई जिससे हम उनको देख भी न पाएं। कुंज बिहारी श्री हरिदास भी नहीं बोलने देना चाह रहे थे। 4 नंबर गेट पर गए। वहां पुलिस आ गई वहां से धक्के दिए गए। हमारे ही मंदिर में हमको ही धक्के मारे जा रहे हैं।

राजभोग सेवा अधिकारी रजत गोस्वामी सोनू ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहली बार दर्शन करने नहीं आए। लेकिन यह पहली बार हुआ है जब सेवायत और उनकी धर्म पत्नियों को बाहर किया गया। ऑफिस जाने वाले रास्ते पर प्रतिबंध कर दिया। कहा गया कि यहां से हटें सुरक्षा कारणों से।

अन्नत गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री आ रहे थे। उनको देखने खड़े थे। लेकिन हमारे साथ बत्तमीजी की गई उनका कुर्ता फाड़ दिया गया। गोस्वामियों के साथ हुई हॉट टॉक के वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें पुलिस कर्मी मंदिर के ऑफिस की तरफ जाने वाले रास्ते पर खड़े हैं उनको वहां से हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस दौरान एक अधिकारी कहते हैं कि ज्यादा नुकसान हो जाएगा। हालांकि इस हॉट टॉक को लेकर अब कोई भी पुलिस अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

# बाजना कट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोशीला स्वागत

**यूनिक समय, बाजना (मथुरा)।** यमुना एक्सप्रेस–वे के बाजना कट पर भाजपा विधायक राजेश चौधरी के नेतृत्व में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान बाबा के बुलडोजर के माध्यम से फूलों की वर्षा की गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण भी मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के सामने रखा। उन्होंने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। कहा कि विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहा है, जबकि भाजपा सरकार विकास और गरीब कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शहीद पंकज नौहवार की प्रतिमा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने माल्यार्पण कर शहीद को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 9वें दिन भाकियू अन्नदाता के किसानों ने धरना किया समाप्त

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन तहसील के गांव किशनपुर में यमुना एक्सप्रेसवे वे के पुल के नीचे विभिन्न किसान समस्याओं के समाधान की मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के किसानों ने 9वें दिन शनिवार को महावन की एसडीएम कंचन गुप्ता के आश्वासन पर 24 सूत्रीय ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

क्षेत्राधिकारी श्वेता सिंह की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा। भाकियू पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर किसान समस्याओं का निपटारा समय से नहीं किया गया तो किसान बड़ा आंदोलन करने पर विवश होंगे।

इस दौरान भाकियू अन्नदाता के संरक्षक गुलदेवा नंद महाराज,राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जे एस जाट, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरज लोधी, मण्डल अध्यक्ष गोपाल सिकरवार, जिला अध्यक्ष जीतू जोशी, एवं जिला उपाध्यक्ष वीरपाल गंधार आदि मौजूद थे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस




राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मानित किए गए बीएलओ अधिकारियों के साथ।



बेसिक शिक्षा की टीम की ओर से बनाई रंगोली।

**यूनिक समय, मथुरा।** 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल, स्वीप कोर्डिनेटर प्रो. पल्लवी सिंह, डीएमटी मनीष दयाल, एसएमटी डॉ. दीनदयाल ने किया।

सभी उपस्थितजनों ने मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिए गए संदेश को सुना। नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने सभी को शपथ ग्रहण कराई। कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी निर्वाचन के लिए शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। एडीओ मनोज खंडेलवाल तथा प्रो पल्लवी सिंह ने कहा कि मतदाता अपने मतदान के प्रति जागरूक हो और सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। डीएमटी मनीष दयाल तथा एसएमटी डॉ. दीनदयाल ने कहा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने हेतु प्रशासन द्वारा कार्य किए जा रहे है। इसका लक्ष्य मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय बनाना है। डॉ. अनीता मुद्गल, सीमा, गुरूप्यारी ने बेसिक शिक्षा टीम के साथ रंगोली बनाई तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। एनसीसी कैडेट्स ने कदमताल करते हुए बैंड के साथ मार्च पास्ट किया। स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता में उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान के लिए मनीष दयाल, डॉ0 दीनदयाल, अनीता मुद्गल आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर वयोवृदध नागरिक किरणदेवी तथा दिव्यांग मतदाता आइकॉन रामकरन को शॉल ओढ़ाकर तथा मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया।

पांच नवीन युवा मतदाता एलिस ठाकुर,सागर अग्रवाल, खुशबू, हेमा तथा आयुषी को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए गए। प्रत्येक तहसील से दो–दो सुपरवाइजर एवं पांच–पांच सर्वश्रेष्ठ बीएलओ को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर , स्लोगन , काव्य पाठ प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में मुमोहन सिंह सोलंकी, राकेश अग्रवाल, राजेश कुमार, श्रुति सक्सेना आदि उपस्थित थे। सम्मानित होने वाले सुपरवाइजर तथा बीएलओ की सूची विधानसभा क्षेत्र वार छाता से शांतनु भारद्वाज, दीपक गर्ग, अमित कुमार, अवधेश कुमार, रिचा सिंह, तनुज कुशवाहा एवं विनोद कुमार। मांट से कंचनवीर, विजेंद्र सिंह, तेजवीर, राहुल अग्रवाल, अनुज गौतम तथा तोताराम। गोवर्धन से मुरारी लाल, नीरज नयन, मुकेश भारद्वाज, कृपाल सिंह, मिट्ठन लाल, निधि मिश्रा तथा सुरेश चंद शर्मा। मथुरा से सुधीर सोलंकी, प्रवीण शर्मा, प्रकाश कृष्णा, रैना डंग, अशोक कुमार, रितु वशिष्ठ तथा देवकांत शर्मा। बलदेव से आकाश गौतम, भूपेंद्र शर्मा, संजय पाठक, मानवेंद्र सिंह, अजीत गुप्ता, रूबी कुमारी तथा श्याम सुंदर।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर मजिस्ट्रेट ने सभी को शपथ ग्रहण कराई

## गणतंत्र दिवस पर ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय रोशनी से जगमगाया

**यूनिक समय, मथुरा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सिविल लाइन स्थित उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का कार्यालय देशभक्ति के रंगों में जगमगा उठा। तिरंगे की आभा से सजी आकर्षक रोशनी ने पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति के माहौल से सराबोर कर दिया। कार्यालय भवन पर की गई विशेष सजावट देर शाम तक राहगीरों और स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

## रात भर चकर घिन्नी की तरह बने रहे अधिकारी

# हर काम को पूरा करने के लिए कर्मचारियों को लगाया

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आज मथुरा और वृंदावन आने से पहले अधिकारी रात भर चकर घिन्नी की तरह बने रहे। कई विभागों के अधिकारी अपनी कमियों को छिपाने के लिए भरसक कोशिश करते रहे। किसी अधिकारी ने सड़क के गड्डो को बंद कराकर रास्ते को समतल कराया। किसी अधिकारी ने विद्युत खंभों और लाइनों को दुरस्त कराया। किसी अधिकारी ने ट्रेफिक व्यवस्था पर नजर रखी। किसी अधिकारी ने सफाई कार्य को दुरस्त कराया। किसी अधिकारी ने बंदरों पर निगाह रखने के लिए योजना को अंजाम देने का प्रयास किया। किसी अधिकारी ने रास्ते में घूमने वाले आवारा पशुओं को रोकने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया। वृंदावन और मथुरा के सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर डाक्टर नजर आए। जनता का कहना था कि अब अधिकारी क्यों एलर्ट हो गए।

### अधिकारियों ने ट्रेफिक व्यवस्था पर रखी नजर

# अनदेखी : अवैध कब्जे के लिए कौन जिम्मेदार

**यूनिक समय,मथुरा।** सरकारी विभागों की अनदेखी अथवा अधिकारियों के ढील के चलते सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जा हो रहा है। सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जा करने वालों को तो उसकी कीमत चुकानी पड़ती है, लेकिन सरकारी अधिकारियों और जिन कर्मचारियों की भूमिका इन अवैध कब्जों को कराने में होती उनका कुछ नहीं होता। यही वजह है कि सरकारी जमीनों पर इस तरह अवैध कब्जे होते रहेंगे।

सरकारी विभागों की कीमती जमीनों पर अवैध कब्जे जनपद में बड़ी संख्या में हो रहे हैं। अवैध कब्जेदार सरकारी भूमि पर दुकान और मकानों का निर्माण करा कर लाखों कमा रहे हैं। इसके साथ ही काफी लोग तो इन जमीनो पर बने मकान और दुकानों को बेच कर उस रकम से दूसरे स्थान पर मकान अथवा दुकान बनाकर मौज कर रहे हैं। पचासों साल विभागीय अधिकारियों द्वारा अपनी विभाग की जमीन की तरफ से आंखे बंद करे रखी थी। इन जमीनों पर कब्जा कैसे हुआ यह किसी से छिपा नही हैं। अवैध जमीन पर मकान और दुकान बना लिए जाने के बाद संबंधित विभाग ने तो कार्रवाई की ही नहीं। इसके बाद बिजली विभाग ने बिजली का कनेक्शन कर दिया। नगर निगम ने वहां रहने वालों से टैक्स वसूलना शुरू कर दिया, लेकिन किसी भी विभाग ने अवैध कब्जेधारकों को कभी नोटिस देने तक की हिम्मत नहीं जुटाई। पचास साल बाद सिचाई विभाग के अधिकारियों की कुंभकरणी नींद टूटती है। विभागीय अधिकारी अपनी जमीन पर होने वाले अवैध कब्जों को हटाने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंच जाते है। अब वहां रहने वाले लोगों के होश उड़ जाते हैं। अब वो करें तो क्या करें। इस तरह का मामला सिंचाई विभाग की जमीन का नहीं है। पीडब्ल्यूडी की सड़क किनारे पड़ी कीमती जमीन का भी है,लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालांकि सुरीर इलाके में विभाग ने अभियान चलाकर अवैध कब्जेदारों के निर्माणों को ध्वस्त करा दिया था। लेकिन यमुना के पुराने पुल के समीप पीडब्ल्यू डी की जमीन पर लोगों ने मकान और दुकाने बनाकर खूब मौज ली जा रही है। इसी तरह औरंगाबाद, टाउन शिप सहित अन्य कई स्थानों पर इस विभाग की कीमती जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जे कर रखे है,लेकिन विभाग का इस ओर ध्यान क्यों नहीं है ये किसी से छिपा नहीं है।

## अधिकारियों की भी अवैध कब्जों पर जवाबदेही विभागीय अधिकारियों पर भी हो इन मामलों में कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** सरकारी अधिकारियों और राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी अवैध कब्जों में होती है। इसके बाद इस तरह के मामलों में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती । अगर अधिकारियों पर कार्रवाई हो तो सरकारी जमीन पर कोई भी व्यक्ति चाहे कोई कितना ही जुगाड़ वाला हो अवैध कब्जा करना तो रहा दूर एक ईंट भी नहीं लगा सकता है। सरकारी अधिकारियों के उनकी जमीन पर होने वाले अवैध कब्जों की जानकारी होती है। अगर वहां कब्जा करने वाले व्यक्ति को तुरंत रोक दिया जाए और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए तो बड़ी संख्या में अवैध कब्जे नहीं होंगे। अवैध कब्जा करने के बाद वहां मकान बनाने में लाखों रुपये खर्च कर काफी समय से रहने लगते हैं। अवैध कब्जा कराने वाले सरकारी अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता है। जमीन खाली करने के लिए लोगों की बस्तियां उजाड़ दी जाती है।

## अवैध कब्जे की शिकायतों के बाद नहीं दे रहे हैं ध्यान देता है समस्या बढ़ने पर तलाशता है विभाग समाधान

# विप्र बंधुओं को यूजीसी को लेकर चिंता

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन में राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रयागराज में माघ मेला के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा ब्रह्मचारियों पर की गई कथित बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा की गई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी बिल को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई और इसे समाज तथा शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक बताया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए चंद्रलाल शर्मा ने कहा कि प्रयागराज में निरीह ब्रह्मचारी बालकों के साथ जिस प्रकार चोटी पकड़कर घसीटने और मारपीट करने की घटनाएं सामने आई हैं, वह अत्यंत निंदनीय और अमानवीय हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस का यह



कृत्य मानवता को शर्मसार करने वाला है और इससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य आनंदबाल्लभगोस्वामी, लक्ष्मीनारायण तिवारी, जिला अध्यक्ष अखिलेश तिवारी और महानगर अध्यक्ष गोविंद नारायण शर्मा ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस घटना को लेकर सार्वजनिक रूप से क्षमा नहीं मांगी गई तो राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचारियों और साधु–संतों के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपाध्यक्ष ब्रह्मचारी विमल चैतन्य और नीरज गौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल एडवोकेट ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित यूजीसी बिल पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिक्षा की स्वायत्तता और पारंपरिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने इस बिल पर व्यापक चर्चा और पुनर्विचार की मांग की। बैठक में अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा, श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा, ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष महेश भारद्वाज, ब्रज तीर्थ देवालय के मृदुल कांत शास्त्री सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विनीत द्विवेदी ने किया।




# तेज रफ्तार स्विफ्ट कार चंबल नहर में गिरी

**संवाददाता**

**यूनिक समय, आगरा।** थाना जैतपुर क्षेत्र में रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर चंबल नहर में जा गिरी, जिससे कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रविवार सुबह करीब सवा चार बजे बाह क्षेत्र के कमतरी मोड़ के पास हुआ।

हादसे में कार सवार बसई खुर्द, थाना ताजगंज निवासी सचिन 25 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसका भाई नीरज समेत टीपू और नरेश घायल हो गए। सभी युवक आगरा से कचौराघाट की ओर जा रहे थे। कमतरी मोड़ पर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे चंबल नहर में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही जैतपुर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद नहर में गिरी कार से चारों युवकों को बाहर निकाला गया।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर मथुरा की महिलाएं सम्मानित

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश दिवस पर मथुरा की उन प्रतिभाओं का अभिनंदन किया गया जिन्होंने अपने कार्यों से व दक्षता से ब्रज का गौरव बढ़ाया है। इन सभी विभूतियों को सम्मानित किया गया।

बीएसए कॉलेज के सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि मथुरा के प्रभारी व बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह उपस्थित थे। उनके साथ मथुरा–वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने संयुक्त रूप से मंच पर सभी प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया।

## प्रतिभाओं ने ब्रज का गौरव बढ़ाया

इस अवसर पर कथावाचक मोहिनी कृष्णदासी, खजानी वूमेन्स इंस्टिट्यूट की संचालिका श्रीमती शिप्रा राठी, कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन का संचालन करने वाले 'सार्वजनिक संस्थान की अध्यक्ष स्हेहिल पांडे, कथक नृत्यांगना एवं प्रशिक्षिक सुश्री मानसी राजपूत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया।

# बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी



**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, वृंदावन।** रविवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ के बीच में एक गाय के घुसने से श्रद्धालु भयभीत हो गए। डर लगने लगा कि यदि गाय किसी कारण से बिदक गई तो उनकी क्या हालात होगी। दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की लाइन विद्यापीठ चौराहा तक पहुंच गई। भीड़ की वजह से लोगों के कदम बड़े बड़े धीरे आगे बढ़ रहे थे। वैसे भी आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे वीआईपी भी दर्शन करने आए। इस कारण पुलिस भी मुस्तैद दिखाई दे रही थी। वीआईपी के आज शहर होने के कारण दोपहर के समय तिराहे और चौराहों पर जाम की स्थिति दिखी नहीं, लेकिन वीआईपी जाने के बाद शहर में कई जगह जाम के नजारे देखने को मिले।





वृंदावन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन को राधाकृष्ण का स्मृति चिह्न भेंट करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ।

## जयसिंहपुरा में भी किया नितिन नवीन का स्वागत

**यूनिक समय, मथुरा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम बार आगमन पर वार्ड 36 जयसिंहपुरा में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। वार्ड 36 के पार्षद/कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया के नेतृत्व में सैकड़ों युवा, महिला और भाजपाइयों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। स्वागत करने वालों में चिंताहरण चतुर्वेदी, रवि शर्मा, घनश्याम गौतम, पार्षद नीरज वशिष्ठ, देवेंद्र कुमार, कुंजबिहारी भारद्वाज, ब्रजेश खरे, घनश्याम सैनी, सनी ठाकुर, भूपेंद्र कुमार, विनोद कुमार, विक्रांत गौड़, सतीश कुमार, ब्रजबिहारी जादौन, शिवप्रकाश वर्मा एवं रूप कुमार आदि मौजूद थे।

उठावनी



श्रीमती कमला सुनेजा जी

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी श्रीमती कमला सुनेजा जी का गोलोकवास दिनांक 23.01.26 को हो गया है। उठावनी आज दिनांक 26.01.26 दिन सोमवार को महिलाओं एवं पुरुषों की सायं 2 से 3 बजे तक खण्डेलवाल सेवा सदन, गोवर्धन रोड, मथुरा पर होगी।

शोकाकुल

सुनील-रीना सुनेजा, अनिल-आरती सुनेजा (पुत्र-पुत्रवधू)
सुनीता मलिक पत्नी स्वर्गीय श्री संजीव मलिक (पुत्री)
नरेंद्रकुमार-रेणु सुनेजा, कृष्णकुमार-पूनम सुनेजा (देवर-देवरानी)
मोहित-प्रियंका सुनेजा (पौत्र -पौत्रवधू)
शुभम सुनेजा, वरदान सुनेजा (पौत्र)
त्रिशिका सुनेजा (प्रपौत्री)
अंकित मलिक, रिद्धि मलिक (धेवता-धेवती)

मायका पक्ष:
सुदर्शन लाल अरोड़ा, बलदेव राज अरोड़ा, सुभाष अरोड़ा

### गणतंत्र दिवस को लेकर कसा जंक्शन का सुरक्षा घेरा

# आरपीएफ की टीम ने रेलवे ट्रैक पर किया पैदल गश्त



**यूनिक समय, मथुरा।** पंजाब में मालगाड़ी में हुए बम धमाके के बाद गणतंत्र दिवस से पूर्व मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। रविवार को जीआरपी और आरपीएफ की टीमें पूरे जंक्शन परिसर में सतर्कता के साथ चेकिंग में जुटी रहीं। आरपीएफ की विशेष टीम ने रेलवे ट्रैक पर पैदल गश्त कर सुरक्षा जांच की। बताया गया कि पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी में हुए बम धमाके से इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था, जबकि रेलवे ट्रैक को भी भारी नुकसान पहुंचा। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल के उच्चाधिकारियों ने सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने और सघन जांच के निर्देश जारी किए हैं। इन्हीं निर्देशों के क्रम में आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक एके कौशिक के नेतृत्व में जीआरपी टीम के साथ रविवार को मथुरा जंक्शन पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लेटफार्म, पार्सल कार्यालय, सर्कुलेटिंग एरिया, रिजर्वेशन हॉल, मेन गेट पोर्टिको तथा यात्री प्रतीक्षालयों की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान रेलवे के नो–पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के विरुद्ध जीआरपी के माध्यम से चालान की कार्रवाई भी की गई। इसके साथ ही सुरक्षा टीम ने रेलवे ट्रैक पर पैदल गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम जारी रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा और अलीगढ़ मंडल की राजनीति भी ठंड में हुई गर्म

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का मथुरा और वृंदावन में रहे हों, लेकिन उनकी इस यात्रा ने आगरा और अलीगढ़ मंडल की राजनीति में गरमाहट पैदा कर दी है। इन दोनों मंडलों के कई वरिष्ठ नेता भी यहां आए। सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मुलाकात की। वह इस वजह है यदि भविष्य में फिर मुलाकात हो तो उनको फिर से अपना परिचय न देना पड़े। आगरा और अलीगढ़ में भी चुनाव का साया पड़ने वाला है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में टिकट देने की राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की अहम भूमिका

### आगरा और अलीगढ़ में भी चुनाव का साया पड़ने वाला है

होती है। यह दोनों क्रमश वर्ष 2027 और 2029 में होने हैं। दोनों चुनाव जीतने के लिए भाजपा की भरसक कोशिश होगी। आगरा और अलीगढ़ मंडल के कई जिलों से आए नेता यहां से मुलाकात करने के बाद अपने क्षेत्रों में लोगों से नई ऊर्जा के साथ मिलेंगे। फिलहाल राजनीति के जानकार तो यह संकेत दे रहे हैं कि इस ठिठुराने वाली ठंड के मौसम में आगरा और अलीगढ़ मंडल की राजनीति में गरमाहट देखने को मिल रही है।

# एक किसान ने चोरी की पुलिस को दी तहरीर

**यूनिक समय, सुरीर (मथुरा)।** खेतों पर किसानों द्वारा सिंचाई के लिए लगे पंखा आदि सामान चोरी होने से किसानों की रातों की नींद हराम हो रही है। इस मामले में चोरी की रिपोर्ट अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। सुरीर निवासी मनोज कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने भाई के साथ खेती बाड़ी का काम करत हैं। मेरे पिताजी की तबीयत खराब रहती है। हाइवे किनारे तीन बीघा खेत है। खेत में सरसों की फसल बो रखी है। खेत की सिंचाई के लिए पंखा, डिलेवरी,वाल आदि सामान वहां लगा रखा था। चोरों ने खेत में लगे पंखे आदि को चोरी कर लिया। पीड़ित ने इस मामले में कुछ लोगों पर चोरी करने का शक जाहिर किया है। पुलिस ने मामले कीजांच शुरू कर दी है।

### खेत से लौटते युवक को बुरी तरह पीटा

**यूनिक समय, सुरीर (मथुरा)।** कोतवाली के गांव नगला जगरुपा में खेत से लौटकर घर आ रहे युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। मारपीट करने वाले तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगला जगरुपा निवासी किशनपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 4 जनवरी को अपने पिता को खाना देकर खेत से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में विष्णु, धर्मवीर, प्रेमवीर, निवासी नगला जगरुपा ने गाली–गलौज करते हुए उसे पकड़ लिया और जमकर मारपीट की।

# अपना घर आश्रम में पति से पत्नी का कराया मिलन

**यूनिक समय, वृंदावन।** अपना घर आश्रम में पुनर्वास के क्रम में 237 वां पुनर्वास पति पत्नी का कराया। 19 जनवरी को लावारिस प्रभु जी को अपना घर आश्रम की रेस्क्यू टीम ने आनंद वाटिका राम आश्रम के पास वृंदावन से सेवा, उपचार एवं पुनर्वास हेतु भर्ती किया गया कुछ दिन की ईश्वरीय सेवा के उपरांत अपना घर आश्रम वृंदावन के अध्यक्ष धनाराम जांदू ने प्रभु जी की काउंसलिंग करने पर उन्होंने अपने घर का मोबाइल नंबर बताया। बताए ए नंबर पर प्रभु जी की पत्नी प्रभा सिंह से बात की गई। उन्होंने बताया यह बार–बार घर से निकल

### पति को स्वस्थ एवं कुशल हालत में देख उनकी आंखों से अश्रु धारा बह गई

जाते हैं, आप इनको अपने आश्रम में रख ले हम कुछ दिन में लेने आएंगे 25 जनवरी को श्रीमती प्रभा सिंह अपने पति को घर ले जाने के लिए अपना घर आश्रम वृंदावन आई, अपने पति को स्वस्थ एवं कुशल हालत में देख उनकी आंखों से अश्रु धारा बह गई, तत्काल विवेक पाठक ने उचित कागजी कार्रवाई कर प्रदीप सिंह प्रभु जी को उनकी पत्नी के साथ पटका उडाकर विदाई की।

# जेसीआई मथुरा के अध्यक्ष बने संजीव अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल



जेसीआई मथुरा के शपथ ग्रहण और अधिष्ठापन समारोह में पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा का 62 वां अधिष्ठापन व शपथ ग्रहण समारोह हुआ । मुख्य अतिथि विधायक मेघ श्याम सिंह, अधिष्ठापन अधिकारी प्रीतम अग्रवाल ने 2026 अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल चेयरपर्सन शिखा बंसल, सचिव उपासना गुप्ता को शपथ दिलाई। संचालन राकेश जौहरी ने किया।

कार्यक्रम में सुनील कनुआ, अवधेश गौतम विशाल तरौली वाले, नित्य किशोर, बसंत चावल, के के गर्ग, योगेश, मनोज सर्राफ, उमेश जौहरी तथा बांके वर्मा उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रान्तीय अभ्यास वर्ग का समापन

**यूनिक समय, फरह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रान्तीय अभ्यास वर्ग का समापन हो गया। प्रान्तीय अभ्यास वर्ग में बृज प्रान्त व मेरठ प्रान्त के 27 जनपदों के 250 शिक्षक प्रतिनिधि व प्रान्तीय पदाधिकरियो ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का तस्वीर व वार्षिक कलेण्डर भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ वीरेन्द्र मिश्र ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है। जो राष्ट्र के लिए एक कुशल नागरिक तैयार करने का कार्य करता है। महासंघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अभ्यास वर्ग शिक्षकों में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के



अतिथि का सम्मान करते शिक्षक नेता।

क्रियान्वयन और राष्ट्र के लिए शिक्षा के प्रति समर्पण विकसित करने के लिए आयोजित किए जाते हैं। प्रान्तीय अध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि अभ्यास वर्ग शैक्षिक संगोष्ठी आमतौर पर शिक्षकों को संगठन की विचारधारा से जोडने के लिए आयोजित किया जाता है। प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ कमल कौशिक ने कहा कि शिक्षा संस्कार की जननी है। राष्ट्र के हित में शिक्षा अति

### तिथियों का तस्वीर व वार्षिक कलेण्डर भेंटकर स्वागत किया गया

आवश्यक है। इस अवसर पर मनीष कुमार, पवनजीत, संतोष शुक्ला, मातादीन, सोनल शर्मा, रविन्द्र पंवार, नीलमणि त्रिपाठी, महावीर शर्मा, रमेश यादव, वीरेन्द्र कुशवाह, हेमराज सिंह, इंद्रपाल सिंह, बच्चू सिंह, गोविन्द चौहान, मनोज रावत, अशोक कुमार सोलंकी, हरनारायण सिंह, गोवर्धन दास गुप्ता, नेम सिंह, चक्रपाणि डागुर,राजेश वर्मा, रेखा दीक्षित, कमलेश चौहान, बच्चू शर्मा, , शिखा मिश्रा आदि उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी ने किया।

### विद्यार्थियों को मिलती है, ईमानदारी, एकता और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख

# गणतंत्र दिवस जगाता है संविधान का सम्मान देश के लिए कुछ करने का जज्बा









शबनम


शशांक

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गणतंत्र दिवस भारत का सबसे गौरवशाली राष्ट्रीय पर्व है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि देश केवल सीमाओं से नहीं, बल्कि कानून, संविधान और नागरिकों के कर्तव्यों से मजबूत होता है। यूनिक समय टीम के साथ बातचीत करते हुए जैन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में बन जाता है। गणतंत्र दिवस भारत का सबसे गौरवशाली और प्रेरणादायक राष्ट्रीय पर्व है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा देश केवल भौगोलिक सीमाओं से नहीं, बल्कि संविधान, कानून और नागरिकों के कर्तव्यों से सशक्त बनता है। 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान लागू किया और एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष तथा लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में विश्व के समक्ष अपनी पहचान बनाई।

यूनिक समय टीम के साथ बातचीत करते हुए जैन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने कहा कि यह दिन उनके भीतर देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक मजबूत करता है। इस दिन विद्यालय में विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण रहता है। तिरंगे की शान में आयोजित ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों से पूरा परिसर गूंज उठता है।

छात्रों ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर भाषण, निबंध, कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें अपने संविधान और देश के प्रति जिम्मेदारियों को समझने का अवसर मिलता है। परेड और झांकियों के माध्यम से देश की विविध संस्कृति, सैन्य शक्ति और विकास यात्रा को देखकर गर्व की अनुभूति होती है। विद्यार्थियों का मानना है कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन का अवसर भी है। यह हमें याद दिलाता है कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन भी उतना ही आवश्यक है। युवा पीढ़ी यदि संविधान के मूल्यों को अपनाए, तो भारत निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

गणतंत्र दिवस हमें एकजुट होकर देश के विकास में योगदान देने की प्रेरणा देता है और राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करता है।

कक्षा 12 की छात्रा ज्योति ने बताया कि गणतंत्र दिवस यह समझाता है कि हमारा संविधान ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। 26 जनवरी हमें बराबरी का अधिकार देता है। इस दिन से उसने सीखा कि हमें ईमानदारी से पढ़ाई, नियमों का पालन और अपने देश की छवि को अच्छा बनाना चाहिए।

कक्षा 12 की छात्रा काजल का कहना है 26 जनवरी हमें एकता का पाठ पढ़ाता है। हमारा देश अलग-अलग भाषा और धर्म का होते हुए भी एक है। इस दिन से यह सीख मिलती है कि मिल जुलकर रहने से ही देश आगे बढ़ता है। श्वेता ने कहना है कि जब गणतंत्र दिवस पर तिरंगा लहराता है तो दिल गर्व से भर जाता है। यह दिन हमें सिखाता है कि देश सबसे पहले है। हमें अपने व्यवहार, सोच और काम से भारत को मजबूत बनाना चाहिए।

शबनम ने कहा कि गणतंत्र दिवस से जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। संविधान का सम्मान करना, सही निर्णय लेना और समाज के लिए अच्छा करना हर छात्र का कर्तव्य है। कक्षा 12 के छात्र माधव ने बताया कि 26 जनवरी हमें यह सिखाता है कि आज़ादी तभी सुरक्षित है जब हम संविधान का पालन करें। मैं चाहता हूँ कि हम सभी छात्र मेहनत करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

करन ने कहा कि गणतंत्र दिवस कानून और अनुशासन का महत्व बताता है। इस दिन से हमें सीख मिलती है कि सही रास्ते पर चलकर ही हम अच्छे नागरिक बन सकते हैं।शशांक ने कहा कि 26 जनवरी हमें यह याद दिलाती है कि हम सब भारतीय हैं। हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है। हमें कभी भी देशहित से समझौता नहीं करना चाहिए।कक्षा 12 के छात्र धीरज ने कहा कि गणतंत्र दिवस युवाओं को आगे बढ़ने की दिशा देता है। यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम अपने सपनों के साथ-साथ देश के सपनों को भी पूरा करना चाहिए।

## मथुरा में श्रीराम फाइनेंस का "रीजनल कनेक्ट 2026" कार्यक्रम संपन्न

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीराम फाइनेंस द्वारा उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड एडिशन के अंतर्गत "रीजनल कनेक्ट 2026" कार्यक्रम का आयोजन रविवार, 25 जनवरी 2026 को मथुरा के महोली रोड स्थित श्रीराम फाइनेंस ब्रांच में किया गया। यह भव्य कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी, ग्राहक एवं व्यावसायिक भागीदारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड क्षेत्र में नेटवर्क को सशक्त करना, साझेदारी को बढ़ावा देना तथा व्हीकल फाइनेंस के विस्तार को नई गति देना रहा। आयोजन के दौरान मथुरा ब्रांच में मेगा भर्ती अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत संभावित उम्मीदवारों को श्रीराम फाइनेंस से जुड़ने और करियर के नए अवसर प्राप्त करने का मौका मिला। "रीजनल कनेक्ट 2026" के तहत श्रीराम कस्टमर मीट का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राहकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी जरूरतों, अनुभवों और सुझावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## महामहिम राष्ट्रपति से मथुरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी को सराहनीय सेवा मेडल मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** महामहिम राष्ट्रपति के अनुमोदन के उपरांत मथुरा जनपद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह को सराहनीय सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें अग्निशमन सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और जनहित में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि से न केवल अग्निशमन विभाग बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ा है।



श्री अरुण कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान कई आपातकालीन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित, साहसिक और प्रभावी कार्रवाई कर जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की है। आगजनी, औद्योगिक दुर्घटनाओं, सड़क हादसों और अन्य आपदाओं के दौरान उनके नेतृत्व में अग्निशमन दल ने अनुकरणीय कार्य किया। आधुनिक तकनीकों के उपयोग, कर्मियों के प्रशिक्षण और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से उन्होंने विभाग की कार्यक्षमता को नई दिशा दी। इस सम्मान की घोषणा के बाद जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों, अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों तथा आमजन में हर्ष का माहौल है। सभी ने श्री सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सहकर्मियों का कहना है कि यह सम्मान उनकी मेहनत, समर्पण और सेवा भावना का परिणाम है तथा इससे अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## हनुमान बाग आश्रम में तीन दिवसीय महाकुंभ उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**यूनिक समय, मथुरा।** धर्मनगरी गोवर्धन स्थित प्रसिद्ध हनुमान बाग आश्रम में आगामी 30 जनवरी से तीन दिवसीय भव्य वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव 30 जनवरी से प्रारंभ होकर 1 फरवरी तक चलेगा। हनुमान जी के इस वार्षिक उत्सव को लेकर आश्रम परिसर में तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। आयोजन के दौरान आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जिसमें देशभर से श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

यह भव्य आयोजन हनुमान बाग आश्रम के महंत संत सियाराम दास महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। तीनों दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें साधु-संतों, ब्राह्मणों, ब्रजवासियों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले लाखों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आश्रम प्रबंधन के अनुसार भंडारे और दर्शन की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से अंतिम रूप दिया जा रहा है। हनुमान जी के इस वार्षिक महोत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें कई वीवीआईपी, वीआईपी और प्रमुख जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और आश्रम प्रबंधन सुरक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर पूरी

### यह महोत्सव 30 जनवरी से प्रारंभ होकर 1 फरवरी तक चलेगा

तरह सतर्क है, ताकि किसी भी भक्त को असुविधा न हो। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए महंत संत सियाराम दास महाराज ने सभी भक्तों और ब्रजवासियों से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की सेवा और कृपा प्राप्त करने का यह दुर्लभ अवसर वर्ष में एक बार आता है। कुंभ जैसे स्वरूप वाले इस आयोजन से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने

## शेरगढ़ में क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

**यूनिक समय, शेरगढ़।** कसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टूर्नामेंट क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न गांवों और कस्बों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क 1100 निर्धारित किया गया है। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 21,000 नकद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को 11,000 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं मैन ऑफ द सीरीज के लिए 2,100 का विशेष पुरस्कार रखा गया है। सभी मुकाबले 14-14 ओवर के होंगे और टेनिस बॉल से खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच पेलखू क्रिकेट क्लब और शेरगढ़ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पेलखू क्रिकेट क्लब ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शेरगढ़ क्रिकेट क्लब को 18 रन से पराजित किया। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और

### प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क 1100 निर्धारित किया गया

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर हर्ष, हेमंत, भगतो, स्वराज, रोहित, सुनील, पुनीत, सौरभ, मनीष, बेगराज, कोमल, सुरेंद्र, विष्णु, गिर्राज, उधम सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, आयोजक और खेल प्रेमी

# स्वस्थ और मजबूत रीढ़ के लिए पांच बेहतरीन योगासन



## लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना और गलत पॉश्चर के कारण बढ़ी कमर, पीठ और गर्दन दर्द की समस्या

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रीढ़ की हड्डी शरीर का आधार है। यही हमारे बैठने, चलने और संतुलन को सही रखती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना और गलत पॉश्चर के कारण कमर, पीठ और गर्दन दर्द आम समस्या बन गई है। दवाएं केवल अस्थायी राहत देती हैं, जबकि योग रीढ़ को अंदर से मजबूत और लचीला बनाता है। नियमित योगाभ्यास से स्पाइन हेल्दी रहती है और दर्द से धीरे-धीरे स्थायी राहत मिलती है।

**ताड़ासन–** ताड़ासन रीढ़ को सीधा रखने में मदद करता है और शरीर का सही अलाइनमेंट सिखाता है। यह पॉश्चर सुधारता है और कमर व घुटनों पर दबाव कम करता है। रोजाना 15-20 सेकंड तक इसका अभ्यास करें।

**भुजंगासन–** भुजंगासन लोअर बैक को मजबूत बनाता है और कमर दर्द में राहत देता है। लंबे समय तक बैठने से जकड़ी रीढ़ के लिए यह बहुत लाभकारी है। यह रीढ़ में लचीलापन बढ़ाता है।

**मार्जरी–बितिलासन–** यह आसन गर्दन से लेकर कमर तक तनाव कम करता है। सांस के साथ रीढ़ को ऊपर–नीचे करने से स्पाइन की मूवमेंट बेहतर होती है और सुबह की जकड़न दूर होती है। **अधोमुख श्वानासन–** इस आसन में शरीर उल्टे 'वी' आकार में रहता है, जिससे रीढ़ लंबी होती है। यह कंधों और गर्दन के तनाव को कम करता है और रक्तसंचार बढ़ाता है।

**सेतुबंधासन–** सेतुबंधासन पीठ और हिप्स को मजबूत करता है। यह लंबे समय तक बैठने से हुई थकान को दूर कर रीढ़ को अच्छा सपोर्ट देता है।

# तिरंगा ढोकला बनाने का सबसे सही और आसान तरीका



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस देशभक्ति, उत्साह और रंगों का पर्व है। इस खास मौके पर अगर आप कुछ यूनिक, हेल्दी और स्वादिष्ट बनाना चाहती हैं, तो तिरंगा ढोकला एक बेहतरीन विकल्प है। यह न सिर्फ दिखने में आकर्षक होता है, बल्कि हल्का होने की वजह से हर उम्र के लोगों को पसंद आता है। तिरंगे के तीन रंग–केसरिया, सफेद और हरा–इस ढोकले को खास बनाते हैं और देशभक्ति का एहसास भी कराते हैं।

**आवश्यक सामग्री–** सूजी - एक कप, दही आधा कप, नमक स्वादानुसार, हल्की चीनी, बेकिंग सोडा या ईनो आधा चम्मच, पालक पेस्ट या हरा फूड कलर, केसरिया फूड कलर या हल्दी, हरी मिर्च, राई, करी पत्ता, तेल और हरा धनिया।

**बनाने की विधि–** सबसे पहले एक बाउल में सूजी और दही मिलाकर स्मूद बैटर तैयार करें। इसमें नमक और थोड़ी सी चीनी मिलाकर 15-20 मिनट के लिए रख दें ताकि सूजी फूल जाए। इसके बाद बैटर में ईनो या बेकिंग सोडा डालकर हल्के हाथों से मिलाएं। अब बैटर को तीन बराबर हिस्सों में बांट लें। पहले हिस्से में हल्दी या केसरिया रंग, दूसरे हिस्से को सादा रखें और तीसरे हिस्से में पालक पेस्ट या हरा फूड कलर मिलाएं।

स्टीमर में पानी उबालें और ढोकला ट्रे को हल्का सा तेल लगाकर ग्रीस करें। सबसे पहले केसरिया बैटर डालें, फिर सफेद और अंत में हरा बैटर डालकर तिरंगे की परतें बनाएं। ट्रे को स्टीमर में रखकर मध्यम आंच पर 15-20 मिनट तक स्टीम करें।

**तड़का और सर्विंग–** एक पैन में तेल गर्म करें, राई, करी पत्ता और हरी मिर्च डालकर तड़का लगाएं। इसे ढोकले पर डालें और ऊपर से हरा धनिया छिड़कें। ढोकले को टुकड़ों में काटकर हरी या मीठी चटनी के साथ परोसें।

# सावधान! अब शरीर पर बेअसर हो रही हैं एंटीबायोटिक दवाएं

## जानलेवा साबित हो सकते हैं सामान्य संक्रमण रिसर्च में बड़ा खुलासा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एंटीबायोटिक दवाएं लंबे समय से बैक्टीरियल संक्रमण के इलाज का सबसे भरोसेमंद तरीका मानी जाती रही हैं, लेकिन अब एक चिंताजनक सच्चाई सामने आ रही है। हालिया रिसर्च के अनुसार, कई आम एंटीबायोटिक दवाएं शरीर पर धीरे-धीरे बेअसर होती जा रही हैं। इस स्थिति को एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस कहा जाता है, जो दुनिया भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है।

रिसर्च में बताया गया है कि बैक्टीरिया लगातार बदल रहे हैं और दवाओं के प्रति खुद को इतना मजबूत बना रहे हैं कि सामान्य एंटीबायोटिक उन पर असर नहीं कर पा रही। इसका सबसे बड़ा कारण बिना डॉक्टर की सलाह के दवाओं का सेवन, अधूरा कोर्स लेना और जरूरत से ज्यादा एंटीबायोटिक का इस्तेमाल है। सर्दी–खांसी, वायरल बुखार जैसी बीमारियों में भी लोग एंटीबायोटिक लेने लगते हैं, जबकि इन बीमारियों में इनकी कोई जरूरत नहीं होती। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही, तो आने वाले समय में सामान्य संक्रमण भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। सर्जरी, डिलीवरी और गंभीर बीमारियों का इलाज भी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि संक्रमण को नियंत्रित करने वाली दवाएं काम नहीं करेंगी।

# सर्दियों में फल खाना बेहद फायदेमंद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सर्दियों में कई लोग यह सोचकर फल खाना छोड़ देते हैं कि इससे ठंड बढ़ जाएगी या सर्दी–खांसी हो सकती है। लेकिन यह एक गलत धारणा है। दरअसल, सर्दियों में फल खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है और यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है।

संतरा, अमरूद, सेब, अनार और कीनू जैसे फल विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो सर्दी-जुकाम, खांसी और वायरल इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इसके अलावा पपीता और नाशपाती पाचन को बेहतर रखते हैं और कब्ज जैसी समस्या से राहत दिलाते हैं, जो ठंड के मौसम में आम होती है। फल शरीर को जरूरी पोषक तत्व और प्राकृतिक ऊर्जा देते हैं, जिससे थकान कम होती है।

# गणतंत्र दिवस के मौके पर ऐसे हों तैयार, कुछ गलतियों से जरूर बचें



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस सिर्फ एक छुट्टी नहीं, बल्कि देश की शान, सम्मान और देशभक्ति का प्रतीक है। इस दिन हर कोई चाहता है कि उसका लुक भी खास हो, लेकिन साथ ही गरिमामय और सादा भी दिखे। खासकर महिलाएं और लड़कियां कॉलेज, ऑफिस, स्कूल फंक्शन या परेड देखने के लिए जाती हैं, ऐसे में सही आउटफिट और स्टाइल चुनना बेहद जरूरी हो जाता है। थोड़ी सी समझदारी से आप इस दिन खूबसूरत भी लग सकती हैं और आत्मविश्वास से भरी भी नजर आएंगी।

गणतंत्र दिवस पर केसरिया, सफेद और हरे रंग का इस्तेमाल सबसे सही माना जाता है, लेकिन ध्यान रखें कि तीनों रंगों को जरूरत से ज्यादा न मिलाएं। बेहतर होगा कि किसी एक रंग को मुख्य रखें और बाकी रंगों को दुपट्टे, स्कार्फ या एक्सेसरीज में शामिल करें। इससे लुक साफ और एलिगेंट लगेगा। इस खास दिन पर बहुत ज्यादा मेकअप आपके लुक को बिगाड़ सकता है। हल्का फाउंडेशन, सॉफ्ट ब्लश, न्यूड या हल्के पिंक शेड की लिपस्टिक और मस्कारा काफी है। चाहें तो तिरंगे के रंगों को नेल आर्ट या आईलाइनर में हल्के तौर पर शामिल कर सकती हैं।

गणतंत्र दिवस के लिए ज्यादा स्टाइलिश या हैवी हेयरस्टाइल से बचें। खुले बाल, लो बन, हाई पोनीटेल या सिंपल चोटी सबसे बेहतर विकल्प हैं। इससे आपका लुक नेचुरल और शालीन दिखेगा। भारी गहनों की जगह छोटे ईयररिंग्स, स्टड्स, ब्रेसलेट या ट्राईकलर बैज पहनें। यह आपके आउटफिट को संतुलित बनाए रखेगा और ओवरड्रेसिंग से बचाएगा। इस दिन अक्सर ज्यादा चलना या खड़े रहना पड़ता है, इसलिए हाई हील्स से बचें। फ्लैट्स, जूती, स्नीकर्स या लो हील्स ज्यादा आरामदायक और स्टाइलिश विकल्प हैं। वहीं जनवरी में ठंड होती है, इसलिए हल्का स्वेटर, जैकेट या शॉल साथ रखें। लेयरिंग ऐसी रखें जिसे जरूरत के हिसाब से आसानी से पहना या उतारा जा सके।

## टमाटर–खजूर की चटनी

# पराठे के साथ स्वाद और सेहत का शानदार मेल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नाश्ते में पराठा खाना लगभग हर घर की पसंद है। आमतौर पर इसे अचार, सॉस या चाय के साथ खाया जाता है, लेकिन अगर आप नाश्ते को हेल्दी और पौष्टिक बनाना चाहते हैं तो टमाटर और खजूर की चटनी एक बेहतरीन विकल्प है। यह चटनी स्वाद में मीठी–खट्टी होती है और बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आती है। पराठे, रोटी और चावल के साथ इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है।

**सामग्री :** 250 ग्राम पके लाल टमाटर, 7-8 पके खजूर, 2 चम्मच सरसों का तेल, पचफोरन (सरसों, जीरा, मेथी, कलौंजी, सौंफ), 2 साबुत सूखी लाल मिर्च, नमक स्वादानुसार, 100 ग्राम चीनी। **विधि :** सबसे पहले टमाटरों को धोकर ऊपर से हल्का चीरा लगाएं और उबलते पानी में पांच मिनट पकाएं। ठंडा होने पर छिलका उतारकर टुकड़ों में काट लें। अब एक पैन में सरसों का तेल गर्म करें और उसमें पचफोरन व सूखी लाल मिर्च डालें। इसके बाद कटे हुए टमाटर और नमक डालकर ढककर पकाएं। टमाटर गलने पर हल्का मैश करें और चीनी मिला दें। अब खजूर के बीज निकालकर लंबा काटें और चटनी में डालें। चाहें तो थोड़ा आम पापड़ भी मिला सकते हैं। 4 मिनट पकाकर गैस बंद कर दें। ठंडी होने पर चटनी तैयार है। इसे फ्रिज में रखकर 10-15 दिन तक इस्तेमाल किया जा सकता है।

## आईआरसीटीसी का विशेष धार्मिक–सांस्कृतिक टूर पैकेज लॉन्च

# पांच से 14 फरवरी तक अयोध्या, पुरी सहित प्रमुख तीर्थों की यात्रा




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने यात्रियों के लिए एक आकर्षक धार्मिक और सांस्कृतिक टूर पैकेज लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नौ दिन और 10 रात का विशेष टूर पैकेज 5 फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु और पर्यटक एक ही सफर में देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे।

इस टूर पैकेज की शुरुआत आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के जरिए होगी। यात्रा के दौरान गया का विष्णुपद मंदिर, पुरी का जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क का सूर्य मंदिर, कोलकाता का गंगासागर, जसीडीह का बैद्यनाथ धाम, वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर और अयोध्या में श्रीराम मंदिर व हनुमानगढ़ी के दर्शन कराए जाएंगे। ट्रेन में कुल 767 बर्थ उपलब्ध होंगी। इनमें सेकंड एसी की 49 सीटें, थर्ड एसी की 70 सीटें और स्लीपर क्लास की 648 सीटें शामिल हैं। पैकेज में रेल यात्रा, नाश्ता, दोपहर व रात का शाकाहारी भोजन, होटल में ठहराव और एसी/नॉन एसी बसों से स्थानीय भ्रमण शामिल है। कीमत की बात करें तो इकोनॉमी श्रेणी (स्लीपर क्लास) का पैकेज 19,110 रुपये प्रति व्यक्ति है। स्टैंडर्ड श्रेणी (थर्ड एसी) का पैकेज 31,720 रुपये और कम्फर्ट श्रेणी (सेकंड एसी) का पैकेज 41,980 रुपये प्रति व्यक्ति तय किया गया है। बच्चों के लिए अलग दरें निर्धारित हैं। इस टूर पैकेज की बुकिंग ऑनलाइन की जा सकती है। यात्री चाहें तो ईएमआई सुविधा के जरिए भी इस यात्रा को बुक कर सकते हैं।

## सुविचार

छोटी–छोटी अच्छी आदतें ही जीवन को बड़ा और सफल बनाती हैं।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 01:46-12:40 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तरभाद्रपदा | 02:32-02:15 तक | माह | माघ |
| सूर्योदय | | 7:13 AM | चन्द्रोदय | 10:21 AM |
| सूर्यास्त | | 5:47 PM | चंद्रास्त | 11:16 PM |
| सूर्य राशि | | मकर राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 12:09PM -12:51 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:34-06:22 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 09:52AM-11:11AM | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# रामायण काल का सबसे बड़ा छलिया था कालनेमि

**यूनिक समय, मथुरा।** कालनेमि कोई साधारण राक्षस नहीं था, वह रावण का सबसे भरोसेमंद और मायावी अनुचर था। जब युद्ध के मैदान में लक्ष्मण मेघनाद की 'शक्ति' से मूर्छित हो गए और हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने के लिए द्रोणाचल पर्वत की ओर उड़े, तब रावण ने हनुमान को रोकने का अंतिम दांव कालनेमि के रूप में खेला। कालनेमि जानता था कि वह बल में हनुमान का मुकाबला नहीं कर सकता, इसलिए उसने छल का सहारा लिया। उसने अपनी माया से हनुमान जी के मार्ग में। एक सुंदर और भव्य मंदिर बनाया। शीतल जल का तालाब और फलदार बगीचा तैयार किया। स्वयं एक सिद्ध ऋषि का वेश धारण कर राम–नाम का जाप करने लगा। हनुमान जी जब वहां से गुजरे, तो उन्हें लगा कि कोई महात्मा साधना कर रहे हैं। कालनेमि ने ऋषि बनकर हनुमान जी को भोजन और विश्राम का लालच दिया ताकि संजीवनी लाने में देरी हो जाए और सूर्योदय से पहले लक्ष्मण के प्राण न बच सकें।



हनुमान जी जब उस मायावी तालाब में स्नान करने उतरे, तब एक मगरी ने उनका पैर पकड़ लिया। वह मगरी वास्तव में एक शापित अप्सरा थी।

हनुमान जी द्वारा उसका उद्धार होते ही उसने कालनेमि के असली राक्षस रूप का रहस्य खोल दिया। भेद खुलते ही हनुमान जी ने अपनी पूंछ में लपेटकर कालनेमि का वध कर दिया और समय पर संजीवनी लेकर पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने इस प्राचीन कथा को आधुनिक राजनीति और समाज से जोड़ा है।

ऐसे लोग जो बाहर से धार्मिक या हितैषी दिखते हैं, लेकिन भीतर से जड़ों को काटने का काम करते हैं। जिस तरह कालनेमि ने हनुमान जी को भ्रमित करने के लिए 'राम–नाम' का सहारा लिया, वैसे ही आज भी धर्म की आड़ में कुछ संत षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। जैसे हनुमान जी ने अपनी चपलता से सत्य को जान लिया, वैसे ही आम जनता को भी छल भेषधारियों को पहचानने की जरूरत है। यह पहली बार नहीं है जब धार्मिक रूपकों

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

का प्रयोग राजनीति में हुआ है, लेकिन 'कालनेमि' का नाम लेना यह दर्शाता है कि विवाद गहरा है। माघ मेले में संतों के बीच चल रही खींचतान और सनातन धर्म पर हो रहे हमलों को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी 'भीतरी शत्रु' को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कालनेमि का वध हमें सिखाता है कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों को छल-कपट से सावधान रहना चाहिए।

# भोजशाला: देवी सरस्वती का प्राचीन ज्ञान केंद्र

**यूनिक समय, मथुरा।** धार की भोजशाला : विद्या की देवी का वो भव्य धाम, सन् 1034 की बात है, जब कला और ज्ञान के उपासक राजा भोज ने धार में माँ सरस्वती (वाग्देवी) के एक ऐसे मंदिर का निर्माण कराया, जिसकी अनूठी मूर्ति और भव्यता की चर्चा सात समंदर पार तक पहुँची। यहाँ सिर्फ पूजा–अर्चना नहीं होती थी, बल्कि यह ज्ञान की वह पाठशाला थी जहाँ दूर–दराज से विद्यार्थी अपनी 'ज्ञान पिपासा' शांत करने आते थे। राजा भोज स्वयं योग, ज्योतिष, वास्तु और धर्मशास्त्रों के प्रकांड विद्वान थे और उनके शासन में एक साधारण नागरिक भी




संस्कृत का ज्ञाता माना जाता था। समय का चक्र समय का चक्र घूमा और इस वैभवशाली केंद्र पर हमलों के काले बादल छा गए। इतिहासकार शिवकुमार गोयल अनुसार 1305 में अलाउद्दीन खिलजी ने इस भव्य मंदिर को निशाना बनाया। खिलजी द्वारा ध्वस्त कराई गई भोजशाला के एक भाग पर 1401 में दिलावर खां गौरी ने मस्जिद बनवाई थी। दिलावर खां गौरी और महमूद शाह खिलजी के दौर में इसके स्वरूप को बदलकर यहाँ मस्जिद में नमाज शुरु करवा दी गई। अब इसे कमाल मौलाना मस्जिद कहते हैं जिसके पीछे की कहानी भी अलग है। कहते हैं कि वह मुगलों का जासूस था। महमूद शाह खिलजी : सन् 1514 में महमूद शाह खिलजी ने शेष भाग पर भी मस्जिद बनवा दी। हिन्दू जनता ने अनेक ऐतिहासिक तथ्य प्रस्तुत कर यहां फिर से भोजशाला का निर्माण करने की मांग रखी है, लेकिन मामला अब कोर्ट में है।

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 7 .45 से दोपहर 11 .55 बजे तक और शाम 5 .30 से रात 9 .25 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6 .30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6 .30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 .30 बजे तक।

## कल का राशिफल


- **मेष :** रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें।
- **वृषभ :** फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं।
- **मिथुन :** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा।
- **कर्क :** घर–बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं।
- **सिंह :** धर्म–कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा।
- **कन्या :** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी।
- **तुला :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर–परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा।
- **धनु :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।
- **मकर :** पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा।
- **वृश्चिक :** चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा।
- **कुंभ :** प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा।
- **मीन :** पुराने संगी–साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

# ठाकुर जी के सामने से दर्शन करना क्यों नहीं करने चाहिए

**यूनिक समय, मथुरा।** यह सलीका भगवान और भक्त के बीच के संबंध को अधिक गहरा और सुरक्षित बनाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर क्यों ठाकुर जी के सामने खड़े होकर उनके दर्शन नहीं करने चाहिए। हिंदू धर्म और भारतीय परंपराओं में भगवान की पूजा–अर्चना और भक्ति का गहरा आध्यात्मिक उर्थ होता है। अक्सर हमारे घर के बड़े–बूढ़े या फिर मंदिर के पुजारी सलाह देते हैं कि कभी भी हमें ठाकुर जी की प्रतिमा के दर्शन बिल्कुल सामने से दर्शन नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह सिर्फ एक परंपरा नहीं है, बल्कि इसके पीछे आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक कारण छिपे हैं। चाहे घर का छोटा सा मंदिर हो या फिर वृंदावन का बांके बिहारी जैसा भव्य और दिव्य धाम हो। भगवान के दर्शन करने का एक विशेष सलीका होता है।

यह सलीका भगवान और भक्त के बीच के संबंध को अधिक गहरा और सुरक्षित बनाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर क्यों ठाकुर जी के सामने खड़े होकर उनके दर्शन नहीं करने चाहिए।

जब भी हम ठाकुर जी के ठीक आंखों के सामने खड़े होते हैं तो उस तीव्र ऊर्जा को हमारा शरीर सहन नहीं कर पाता है। यह वैसा ही है, जैसे सूरज की रोशनी को सीधे देखने पर आंखें चौंधिया जाती हैं। लेकिन जब आप किनारे से ठाकुर जी के दर्शन करते हैं, तो हम उस ऊर्जा को धीरे–धीर और सौम्य तरीके से ग्रहण कर पाता है। इसके अलावा भगवान के



सामने सीधे खड़े होना 'अहंकार' का भी प्रतीक माना जा सकता है, जैसे हम किसी बराबरी वाले व्यक्ति के सामने खड़े हो रहे हैं। इसके उलट थोड़ा हटकर या तिरछा खड़े होने से 'दास्य भाव' और 'विनम्रता' को दर्शाता है। जब भी हम किनारे खड़े होकर झुककर भगवान के दर्शन करते हैं, तो हमारे अंदर यह भाव

> जब भी हम ठाकुर जी के सामने खड़े होते हैं तो उनकी तीव्र ऊर्जा को हमारा शरीर सहन नहीं कर पाता है

जागता है कि हम ईश्वर के चरणों के सेवक हैं। हमारी यह विनम्रता ईश्वर तक हमारी प्रार्थना को पहुंचाने का माध्यम बनती है। भक्ति शास्त्र के मुताबिक व्यक्ति को भगवान के दर्शन किश्तों में करना चाहिए। पहली बार में चरण, फिर कमर और फिर वक्षस्थल और अंत में मुखारविंद यानी की चेहरे के दर्शन करने चाहिए। लेकिन अगर आप सीधे सामने खड़े होकर भगवान के दर्शन करते हैं, तो हमारा ध्यान भटक सकता है। आप किनारे खड़े होकर बारीकी से ठाकुर जी के स्वरूप को निहार सकते हैं। ब्रज की परंपरा में तो भगवान को 'नजर' लगने का भी भाव होता है। इसलिए भक्त सीधे सामने खड़े होकर भगवान को एकटक नहीं देखते हैं, जिससे हमारे आराध्य को नजर न लग जाए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार, मंदिर में मूर्तियों को ऐसे स्थान पर रखा जाता है, जहां पर पृथ्वी की चुंबकीय तरंगे सबसे अधिक होती है। वहीं मूर्ति के एकदम सामने इन तरंगों का केंद्र होता है। सीधे सामने खड़े होकर दर्शन करने की बजाय थोड़ा हटकर खड़े होने से यह तरंगे धीरे–धीरे हमारे शरीर के चक्रों को प्रभावित करती है।

# ईशान–सूर्य के तूफान से बदले टीम इंडिया के तेवर



## टी 20 फॉर्मेट में पहले से दस गुना बेहतर खेल रही है भारतीय टीम : अश्विन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की धमाकेदार जीत के बाद टीम इंडिया के बदले हुए टी20 अंदाज पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने बड़ा बयान दिया है। ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की विस्फोटक बल्लेबाजी से प्रभावित अश्विन ने कहा कि भारतीय टीम अब "सॉफ्ट क्रिकेट" छोड़ चुकी है और टी 20 फॉर्मेट में पहले से दस गुना बेहतर खेल रही है।

रायपुर में खेले गए मुकाबले में 209 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के 6 विकेट गिर चुके थे, लेकिन इसके बाद ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने ऐसा तूफान मचाया कि न्यूजीलैंड का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह बेबस नजर आया। चौकों–छक्कों की बरसात के बीच भारत ने न सिर्फ लक्ष्य हासिल किया, बल्कि सीरीज में 2–0 की बढ़त भी बना ली। ओस की मौजूदगी ने बल्लेबाजों के लिए हालात और आसान बना दिए।

'ऐश की बात' पर अश्विन ने ईशान किशन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट की फॉर्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि ईशान चयन की चिंता किए बिना खुलकर खेलते हैं और यही उन्हें खास बनाता है। अश्विन ने यह भी कहा कि पिछले डेढ़ दशक में भारत टी 20 में पावरप्ले का सही इस्तेमाल नहीं कर पाया, लेकिन अब टीम न सिर्फ आक्रामक खेल रही है, बल्कि बाकी टीमों से कहीं आगे निकल चुकी है। उनके मुताबिक, मौजूदा बल्लेबाजी लाइन–अप को देखकर आगामी टी 20 विश्व कप में सभी टीमें डर महसूस करेंगी।

# चैस : अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ कौन सी गलती विश्व चैंपियन गुकेश को पड़ी भारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने शनिवार को टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ बड़ी चूक कर बाजी को गंवा दिया। गुकेश मुकाबले के दौरान ब्लाइंड स्पॉट में फंस गए और उन्होंने ऐसी गलती कर दी जिससे उबरना काफी मुश्किल था। नाटकीय घटनाओं से भरे दिन में गुकेश ने गलत चाल चल दी और फिर हार मान ली। वह मुकाबले में बने रह कर संभावित ड्रॉ की ओर बढ़ सकते थे।

शतरंज में इसे ब्लाइंड स्पॉट कहा जाता है, जब किसी खास क्षण में खिलाड़ी कुछ सेकेंड के लिए यह समझ ही नहीं पाता कि बोर्ड पर वास्तव में क्या हो रहा है। ग्रैंडमास्टर बनने के बाद गुकेश के करियर में यह पहली बार हुआ और उनके प्रशंसकों को उम्मीद होगी कि यह आखिरी बार भी साबित हो। वहीं, शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम की इसी तरह की चूक का फायदा मिला और वह मुकाबले से आधा अंक निकालने में सफल रहे। अर्जुन एरिगेसी ब्लूबाउम के खिलाफ लगभग हार की कगार पर पहुंच चुके थे। ब्लूबाउम ने इस साल के अंत में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर सबको चौंकाया था।

किस्मत ने अर्जुन का साथ दिया और ब्लूबाउम भी एक तरह के ब्लाइंड स्पॉट का शिकार हो गए। खेल का विश्लेषण कर रहे विशेषज्ञों द्वारा बताए गए आसान जीत के क्रम को वह नहीं खोज पाए और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ, जिससे अर्जुन ने राहत की सांस ली। आर प्रज्ञानंद की जीत की तलाश भी इस 13 दौर की लंबी प्रतियोगिता के मध्य चरण में जारी रही।

# नन्हे शतरंज खिलाड़ियों ने बढ़ाया नोएडा का मान, बने जूनियर ग्रैंडमास्टर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क–1 स्थित एस्टर पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का सफल समापन हो गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश स्टेट चेस एसोसिएशन और एस्टर पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। प्रतियोगिता में गौतमबुद्ध नगर के करीब 55 स्कूलों से आए 250 से अधिक बालक और बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंडर–7 से अंडर–15 आयु वर्ग तक आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने रणनीतिक कौशल, धैर्य और मानसिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक और बालिका वर्ग में तीन–तीन राउंड के मुकाबले खेले गए, जिसमें घोड़े, हाथी, प्यादे और रानी की सधी हुई चालों के जरिए नन्हे खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। मीडिया प्रभारी वैभव मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खेल भावना और अनुशासन देखने को मिला।

## आईसीसी के फैसले को बांग्लादेश ने किया स्वीकार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टी 20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की प्रतिक्रिया सामने आई है। आईसीसी द्वारा बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किए जाने के फैसले को बीसीबी ने स्वीकार कर लिया है। बोर्ड का कहना है कि उसने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन इससे अधिक कुछ करना संभव नहीं था।

बीसीबी मीडिया समिति के अध्यक्ष अमजद हुसैन ने कहा कि बांग्लादेश बोर्ड को पहले से अंदेशा था कि आईसीसी उसकी मांग नहीं मानेगा। उन्होंने बताया कि भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश सरकार ने अनुमति नहीं दी थी, जिसके चलते बोर्ड ने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने की अपील की थी। हुसैन ने कहा, "हमने आईसीसी से कई बार अनुरोध किया, लेकिन बोर्ड ने बहुमत से फैसला लिया कि मैचों का स्थान नहीं बदला जाएगा। इसके बाद हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीसीबी किसी वैकल्पिक मध्यस्थता या कानूनी प्रक्रिया का सहारा नहीं लेगा।

## बहिष्कार की धमकी से पलटा पाकिस्तान

# टी 20 विश्व कप के लिए घोषित की 15 सदस्यीय टीम




| बनाम | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| नीदरलैंड | 7 फरवरी | कोलंबो |
| अमेरिका | 10 फरवरी | कोलंबो |
| भारत | 15 फरवरी | कोलंबो |
| नामीबिया | 18 फरवरी | कोलंबो |

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने अगले महीने शुरू होने वाले टी 20 विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। टीम में बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी जैसे सीनियर खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट के बहिष्कार तक की धमकी दी थी, लेकिन अब टीम की घोषणा से साफ हो गया है कि पाकिस्तान विश्व कप में हिस्सा लेगा।

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाल ही में कहा था कि टी 20 विश्व कप में खेलने का फैसला पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से चर्चा के बाद लिया जाएगा। यह बयान बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल करने के आईसीसी के फैसले के बाद आया था। पाकिस्तान ने इस फैसले को पक्षपातपूर्ण बताया था। हालांकि, अगले ही दिन टीम की घोषणा ने स्थिति स्पष्ट कर दी।

पाकिस्तान इस बार टी 20 विश्व कप में सलमान अली आगा की कप्तानी में उतरेगा। यह टूर्नामेंट टीम के लिए काफी अहम है, क्योंकि पाकिस्तान ने अब तक सिर्फ एक बार, साल 2009 में, टी20 विश्व कप का खिताब जीता है। 2024 के संस्करण में खराब प्रदर्शन के बाद इस बार टीम दमदार वापसी की कोशिश करेगी। टीम में बाबर आजम का अनुभव बल्लेबाजी को मजबूती देगा, जबकि हारिस रऊफ के बाहर होने से तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह पर होगी। ऑलराउंडरों के रूप में शादाब खान, फहीम अशरफ और मोहम्मद नवाज टीम को संतुलन देंगे। पाकिस्तान ग्रुप ए में भारत, नीदरलैंड, अमेरिका और नामीबिया के साथ शामिल है। टीम सात फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलेगी।

# सोहा–अली खान और कुणाल खेमू ने मनाई 11वीं एनिवर्सरी




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड के पावर कपल सोहा अली खान और कुणाल खेमू आज, 25 जनवरी को, अपनी शादी की 11वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस खास मौके पर दोनों ने सोशल मीडिया के जरिए एक–दूसरे पर प्यार लुटाया और अपनी खूबसूरत यादें फैंस के साथ साझा कीं।

सोहा अली खान ने एनिवर्सरी के अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कुणाल के साथ बिताए गए खास पलों की झलक दिखाई गई है। वीडियो के साथ उन्होंने एक भावुक लव नोट भी लिखा। सोहा ने लिखा, "मुझे हमेशा से पता था कि तुम सबसे अलग हो कुणाल और फिर 11 साल पहले हमने इसे ऑफिशियल करने की हिम्मत की। यह हमारे अब तक के सबसे अच्छे फैसलों में से एक है। हैप्पी एनिवर्सरी।"

वहीं, कुणाल खेमू ने भी इंस्टाग्राम पर सोहा के साथ अपनी कुछ थ्रोबैक तस्वीरें साझा कीं और अपने प्यार का इजहार किया। दोनों की शादी 25 जनवरी 2015 को हुई थी और आज यह जोड़ी एक बेटी इनाया की खुशहाल परवरिश कर रही है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो सोहा अली खान को हाल ही में फिल्म 'छोरी 2' में देखा गया था, जबकि कुणाल खेमू अभिनय के साथ–साथ निर्देशन में भी सक्रिय हैं। फैंस और सेलेब्स इस जोड़ी को सोशल मीडिया पर बधाइयां दे रहे हैं।

# जापानी फैन की तेलुगु सुनकर हैरान हुए अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टोक्यो में 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना को एक जापानी फैन मिला, जिसने दोनों सितारों से तेलुगु में बात की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फैन काजू ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि वह दोनों से मिलने के लिए बहुत उत्साहित था और उन्होंने तेलुगु में संवाद करके स्टार्स को चौंका दिया।

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना फैन की धाराप्रवाह तेलुगु सुनकर पूरी तरह हैरान रह गए। फैन ने कहा, "आप तेलुगु फिल्मों का गौरव हैं। मैं तेलुगु सीख रहा हूं, कृपया मेरी तेलुगु को बर्दाश्त करें।" रश्मिका मंदाना ने उनकी मेहनत की तारीफ करते हुए ताली बजाई। अल्लू अर्जुन ने मजाक में कहा, "तुम्हें भी किसी तेलुगु लड़की से शादी करनी चाहिए।"

इस अवसर पर फैन ने दोनों सितारों के साथ 'पुष्पा 2' का सिग्नेचर पोज भी लिया और इसे साझा करते हुए लिखा कि यह उनके जीवन का अविश्वसनीय अनुभव रहा। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ यह अनोखा इंटरैक्शन फैंस के लिए यादगार मोमेंट बन गया।

# सारा अली खान और इब्राहिम ने ओरी को किया अनफॉलो

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय ओरी और स्टारकिड्स के बीच अक्सर फोटोज और पार्टियों की तस्वीरें वायरल होती रहती हैं। हाल ही में खबर आई है कि सारा अली खान और उनके भाई इब्राहिम अली खान ने ओरी को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। दोनों के बीच कथित तौर पर तकरार हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, इस विवाद की वजह ओरी का हाल ही में सारा अली खान और पलक तिवारी के नामों को लेकर किया गया खराब कमेंट है। इसके साथ ही, ओरी ने सारा की मां अमृता सिंह का नाम भी इस कमेंट में शामिल किया था। इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर नेटिजन्स ने ओरी की आलोचना की और इसे अनावश्यक बताया।

ओरी, जो फिल्म इंडस्ट्री में ज्यादा एक्टिव नहीं हैं, लेकिन लाइमलाइट में रहते हैं, अक्सर स्टारकिड्स के साथ पार्टी करते नजर आते हैं। जान्हवी कपूर, नीसा देवगन और सारा अली खान के साथ उनकी फोटोज भी वायरल होती रहती हैं। हालांकि, इस विवाद के बाद अब सारा और इब्राहिम ने सोशल मीडिया पर ओरी को अनफॉलो कर दिया है, जिससे दोनों के बीच दोस्ती में दरार की खबरें सामने आई हैं।

# अयोध्या : राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी, आरोपी हिरासत में



**यूनिक समय, अयोध्या।** राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शनिवार की देर रात एक युवक ने 112 नंबर पर कॉल कर यह धमकी दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और रामनगरी में सुरक्षा बढ़ा दी गई।

पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी गोंडा का रहने वाला है और मानसिक रूप से असंतुलित बताया जा रहा है। इंटेलिजेंस अधिकारियों और अयोध्या पुलिस की टीम युवक से पूछताछ कर रही है। अभी पुलिस ने युवक का नाम और पता सार्वजनिक नहीं किया है।


सुरक्षा बढ़ाने के लिए मंदिर के आसपास पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है। आसपास के इलाके में पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस अधिकारी बता रहे हैं कि मामले की गहन जांच की जा रही है और धमकी के पीछे की वास्तविकता सामने लाई जाएगी।

अयोध्या पुलिस ने आम नागरिकों से संयम बनाए रखने की अपील की है और कहा कि अभी किसी तरह का खतरा नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी स्थिति नियंत्रित करने के लिए तैयार है और मंदिर में आने–जाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

### मंदिर के आसपास पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी, इलाके में पेट्रोलिंग तेज

इस घटना ने रामनगरी में चिंता और सनसनी फैलाई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपी युवक से पूछताछ के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से पुलिस के निर्देशों का पालन करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी है।

# गोल्डन टेंपल में कुल्ला करने वाला युवक गिरफ्तार



**यूनिक समय, अमृतसर।** गोल्डन टेंपल के पवित्र सरोवर में कुल्ला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सुव्हान, अंकुर विहार थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी का रहने वाला है और अपने भाई के मेडिकल स्टोर में काम करता है। बताया गया कि 15 जनवरी को वह अमृतसर घूमने गया था। इस दौरान उसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें वह टेंपल के सरोवर में कुल्ला करता दिखाई दे रहा था।

वीडियो वायरल होने के बाद सिक्ख समुदाय के लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पुलिस में शिकायत की और युवक पर जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि युवक को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया और जेल भेज दिया गया। फिलहाल युवक के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। सच्चखंड श्री दरबार साहिब की पवित्र मर्यादा का उल्लंघन करने के मामले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने भी युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया है। एसजीपीसी ने अमृतसर पुलिस कमिश्नर को लिखित शिकायत देकर मामले की गंभीरता से जांच करने और आवश्यक कार्रवाई की अपील की। एसजीपीसी के कानूनी सलाहकार अमरबीर सिंह सियाली ने बताया कि जांच में पाया गया कि युवक की नीयत श्रद्धा के साथ माथा टेकने की नहीं थी और उसकी गतिविधियां सिख मर्यादा के अनुरूप नहीं थीं।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर माफी मांगना सिख मर्यादा के अनुसार स्वीकार्य नहीं है और धार्मिक स्थलों की पवित्रता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भूमि विवाद में फायरिंग, एक की मौत और एक गंभीर रूप से घायल



### पड़ोसी से पिछले दो साल से चल रहा था भूमि विवाद

**यूनिक समय, गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़की दुबौली में सुबह जमीन विवाद को लेकर एक दर्दनाक घटना हुई। सुबह लगभग नौ बजे कुछ बदमाश घर में घुस आए और पंकज निषाद (35) और उनके भाई रामनाथ पर फायरिंग कर दी। हमले में पंकज पेट में लगी गोली से गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई। उनके भाई रामनाथ को सिर में गंभीर चोट आई है और उन्हें भी बीआरडी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, पंकज और उनके पड़ोसी के बीच पिछले दो साल से जमीन विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले घर के पास चहारदीवारी को लेकर भी मतभेद हुआ था। उसी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी घर में घुस आए और दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक और झंगहा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

इलाके में इस घटना के बाद तनाव का माहौल है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। सीओ चौरीचौरा ने बताया कि हत्या और गंभीर घायल होने के मामले में त्वरित कार्रवाई की जा रही है। मृतक के परिवार ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। यह घटना जमीन विवादों में हिंसा की गंभीरता और सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करती है।

# भतीजी की सगाई से छह घंटे पहले चाचा की सड़क हादसे में मौत



**यूनिक समय, मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांधी आश्रम के पास रविवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक चालक देवेंद्र उर्फ चंदन राम की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब देवेंद्र बाइक से रतनपुरा बाजार जा रहे थे। वह अपनी भतीजी रोशनी की सगाई के लिए कुछ काम से निकले थे।

जानकारी के अनुसार, बलिया की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने आगे निकलने की होड़ में देवेंद्र की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई और हेलमेट न पहनने के कारण देवेंद्र को सिर में गंभीर चोट लगी। आसपास मौजूद लोग तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को रतनपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों में इस हादसे की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। भतीजी की सगाई का माहौल अचानक मातम में बदल गया। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। हादसे की सूचना मिलने पर हलधरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी।

# एमपी सीमा पर मिट्टी का टीला धंसने से दो लड़कियों समेत तीन की मौत

### मकान की पोताई के लिए गड्ढे से मिट्टी निकालते समय हुआ हादसा

**यूनिक समय,सोनभद्र/सिंगरौली।** यूपी-एमपी सीमा के पास सोनभद्र जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। शक्तिनगर सीमा से सटे सिंगरौली जिले के जियावन थाना क्षेत्र के परसोहर गांव में मकान की पोताई के लिए छुई मिट्टी निकालते समय मिट्टी का बड़ा टीला धंस गया। इस घटना में दो लड़कियों और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों, सरपंच और पुलिस ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। जेसीबी मशीन की मदद से मलबे को हटाकर दबे लोगों को बाहर निकाला गया। मृतकों में ग्राम हरहवा की प्रीति सिंह (10) और बसंती (16) तथा बंधा गांव की फूलमती यादव (50) शामिल हैं। वहीं, घायल महिलाओं कौशल्या सिंह (50) निवासी परसोहर और सकमुनि सिंह (45) निवासी चंद्रेह का नजदीकी अस्पताल में उपचार चल रहा है। एसडीओपी देवसर गायत्री त्रिपाठी ने बताया कि मिट्टी में दबने के कारण दो बालिकाओं और एक महिला की मौत हुई है और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा कर शवों का पोस्टमार्टम कराया और सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों और परिजनों में हादसे के बाद कोहराम मच गया। पुलिस और प्रशासन ने कहा कि बचाव कार्य में तेजी दिखाई गई, लेकिन इस तरह की घटनाएं मिट्टी और निर्माण सामग्री निकालते समय सुरक्षा इंतजामों की कमी को उजागर करती हैं। घटना की सभी परिस्थितियों की जांच जारी है।

# यूपी : 2027 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा, सपा और कांग्रेस में आपसी खींचतान

**यूनिक समय, मुरादाबाद।** मुरादाबाद में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा, सपा और कांग्रेस में आपसी विवाद और खींचतान तेज हो गई है। तीनों ही पार्टियों में नेता खुद को ऊपरी स्थान दिलाने के लिए गुटबंदी कर रहे हैं और लोकसभा एवं विधानसभा टिकट को लेकर तनाव बढ़ गया है। पार्टी हाईकमान के निर्देश देने के बावजूद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा।




भाजपा में कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह के बीच विवाद 2015 के पंचायत चुनाव से चला आ रहा है। हालिया घटनाओं में रामवीर ने जिला पंचायत के ठेके में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर शैफाली पर निशाना साधा। भाजपा के अनुसार, बोर्ड बैठक में दोनों नेता कार्यों पर बहस कर सकते हैं, लेकिन पार्टी स्तर पर अमल नहीं हुआ। सपा में सांसद रुचिवीरा और पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन के बीच 2024 के लोकसभा चुनाव से तनाव जारी है। टिकट कटने और निजी समारोहों में बयानबाजी के कारण दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग बढ़ी है। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने कहा कि सभी नेता 2027 की तैयारी में जुटे हैं और किसी तरह की बयानबाजी से बचने के निर्देश दिए गए हैं।

कांग्रेस में पूर्व सांसद दानिश अली और पूर्व प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी के बीच लोकसभा टिकट को लेकर विवाद लंबे समय से बना हुआ है। सोशल मीडिया पोस्ट और प्रेस वार्ता के जरिए दोनों नेताओं के बीच बयानबाजी जारी रही, जिससे पार्टी के भीतर भी असंतोष की स्थिति बनी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने बताया कि विवाद के कारण कार्यकर्ता भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एसआईआर अभियान के तहत सभी दल चुनावी तैयारी में जुटे हैं, लेकिन पार्टी नेताओं के आपसी विवाद से संगठन में दरार और चुनावी रणनीति पर असर पड़ने की संभावना है।

### रामवीर ने जिला पंचायत के ठेके में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर शैफाली पर निशाना साधा

# न्यायालय कर्मी हत्याकांड : नवाजिश की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम

**यूनिक समय, अमरोहा।** न्यायालय कर्मी राशिद की पीट-पीटकर हत्या के मामले में डिडौली पुलिस ने एक और आरोपी नवाजिश की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। नवाजिश, मुख्य आरोपी कलीम का बहनोई है और संभल जिले के असमोली थानाक्षेत्र के इटायला माफी गांव का रहने वाला है।

घटना 11 जनवरी को हुई थी, जब राशिद अपनी कार से रिश्तेदारी में जा रहे थे। पीछे से आ रहे दोपहिया वाहन ने कार को छू दिया। इससे भड़के सवारों ने अन्य लोगों को बुलाया और तीन किलोमीटर पीछा कर कार रोक ली। राशिद को पत्नी और बच्चों के सामने बाहर खींचकर पीट–पीट कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। पहले पुलिस ने मुख्य आरोपी कलीम को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। अब नवाजिश की गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा की गई है।

### इस मामले में चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है

## पद्म पुरस्कार 2026 की घोषणा

# यूपी से चिरंजी लाल यादव और कर्नाटक के अंके गौड़ा समेत 45 को सम्मान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कार 2026 की घोषणा कर दी। इस साल 45 लोगों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस सूची में उत्तर प्रदेश से चिरंजी लाल यादव और कर्नाटक के अंके गौड़ा का नाम शामिल है।




गुमनाम नायकों की श्रेणी में पद्म श्री से सम्मानित होने वाले अन्य प्रमुख लोग हैं मध्य प्रदेश के भगवानदास रायकवार, जम्मू-कश्मीर के बृज लाल भट, छत्तीसगढ़ के बुदरी थाटी और ओडिशा के चरण हेम्ब्रम। महाराष्ट्र की 90 वर्षीय आदिवासी भीकल्या लड़क्या ढिंडा और मुंबई की बाल रोग विशेषज्ञ आर्मिडा फर्नांडिस, जिन्होंने एशिया का पहला मानव दूध बैंक स्थापित किया, को भी पद्म श्री सम्मान मिलेगा।

कर्नाटक के अंके गौड़ा ने दुनिया का सबसे बड़ा निशुल्क पुस्तकालय "पुस्तक माने" स्थापित किया, जिसमें 20 भाषाओं में 20 लाख से अधिक पुस्तकें और दुर्लभ पांडुलिपियां शामिल हैं। उनके शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। इस साल पद्म पुरस्कार में कई ऐसे गुमनाम नायक शामिल हैं, जो समाज के हाशिए पर रहे पिछड़े और दलित समुदायों, आदिम जनजातियों, और दूरदराज के इलाकों से आए हैं। ये लोग दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों और आदिवासियों की सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और सतत विकास में अपना जीवन समर्पित कर चुके हैं। पद्म पुरस्कार 2026 उन व्यक्तियों के जीवन और योगदान को मान्यता देने का अवसर है, जिन्होंने समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**ये लोग दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों और आदिवासियों की सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और सतत विकास में अपना जीवन समर्पित कर चुके हैं**

## तमिलनाडु में हिंदी को लेकर स्टालिन का बड़ा बयान: "न जगह थी, न है और न होगी"



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भाषा शहीद दिवस के मौके पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने स्पष्ट किया कि राज्य में हिंदी के लिए न तब कोई जगह थी, न अब है और न भविष्य में कभी होगी। स्टालिन ने 1960 के दशक के हिंदी-विरोधी आंदोलन में अपने प्राण गंवाने वाले शहीदों को याद करते हुए केंद्र सरकार को कड़ा संदेश दिया कि तमिलनाडु अपनी भाषाई पहचान की रक्षा के लिए हमेशा अडिग रहेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, "भाषा शहीद दिवस के अवसर पर मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि तमिलनाडु में हिंदी के लिए न तब कोई जगह थी, न अब है और न कभी होगी।" उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें 1965 के ऐतिहासिक हिंदी-विरोधी आंदोलन और द्रमुक के दिग्गज नेताओं सी. एन. अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के योगदान को दिखाया गया।स्टालिन ने चेन्नई में "भाषा शहीद" थलामुथु और नटरासन के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की और चेन्नई महानगर विकास प्राधिकरण भवन पर इन शहीदों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने हिंदी-विरोधी आंदोलन के माध्यम से पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में विभिन्न भाषाई और राष्ट्रीय समूहों के अधिकारों और पहचान की रक्षा की।भाषा शहीद दिवस 1964-65 के आंदोलन को याद करता है, जब तमिलनाडु में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने का विरोध करने वाले कई युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। तब से राज्य 'दो भाषा सूत्र' का पालन कर रहा है, जिसमें केवल तमिल और अंग्रेजी को प्राथमिकता दी जाती है। स्टालिन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से हिंदी थोपने के प्रयासों की भी आलोचना की और कहा कि तमिलनाडु अपनी मातृभाषा के लिए हमेशा खड़ा रहेगा। उन्होंने चेताया, "हम अपनी भाषा से उतना ही प्रेम करते हैं जितना अपने जीवन से, और इसे दबाने की हर कोशिश का विरोध उतना ही तीव्र होगा।"

## भारतीय वायुसेना की कार्रवाई ने पाकिस्तान को सीजफायर मानने पर मजबूर किया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की शानदार कार्रवाई ने पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मजबूर कर दिया। स्विट्जरलैंड स्थित थिंक टैंक सीएचपीएम की रिपोर्ट के अनुसार, 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू हुए चार दिवसीय ऑपरेशन के दौरान भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी कैंपों को निशाना बनाया। पाकिस्तानी वायुसेना ने यिहा तृतीय, बायराकटार टीबी2 और अकिन्सी जैसे ड्रोन तैनात किए, लेकिन भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने उन्हें विफल कर दिया। भारतीय सेना ने एसयू -30 एमकेआई, जगुआर और राफेल विमानों से ब्रह्मोस, स्कैल्प-ईजी और हिसात्मक आचरण मिसाइलों का इस्तेमाल कर उत्तर, मध्य और दक्षिण पाकिस्तान के एयर बेस, रडार और ड्रोन हैंगर पर हमला किया। विशेष रूप से नूर खान, मुरिद, राहिम यार खान और सुक्कुर एयर बेस को निशाना बनाया गया। इस ऑपरेशन में पीएएफ के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए और कई रडार व एयर डिफेंस साइट्स नष्ट हुईं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने सीमापार परमाणु क्षेत्र में प्रवेश किए बिना गहरे हमलों के जरिए एस्केलेशन डोमिनेंस बनाए रखा, जिससे पाकिस्तान को मजबूरन सीजफायर मानना पड़ा। यह रिपोर्ट 2025 के भारत-पाकिस्तान संकट में भारतीय वायु सेना की रणनीतिक श्रेष्ठता को प्रमाणित करती है।

## ट्रम्प ने भारत से संबंध सुधार हेतु दिल्ली टीम भेजी, जयशंकर से चर्चा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ संबंध सुधारने के लिए तीन सदस्यीय कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल नई दिल्ली भेजा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि डेलीगेशन के साथ व्यापार, सुरक्षा और महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर अहम वार्ता हुई। अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में जिमी पैट्रोनिस, माइक रोजर्स और एडम स्मिथ शामिल थे। बैठक के दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और यूक्रेन संघर्ष जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव बढ़ा था, खासकर ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ और रूसी तेल पर 25



प्रतिशत शुल्क लगाने के बाद। पिछली वार्ताओं में द्विपक्षीय व्यापार समझौता अंतिम रूप नहीं ले सका। जयशंकर ने इसे "उत्पादक बैठक" बताते हुए कहा कि दोनों देशों ने व्यापार, सुरक्षा और तकनीकी सहयोग को नई दिशा देने पर चर्चा की।

## मिडिल क्लास को मिल सकती है बड़ी राहत

# बजट 2026: घर, इलाज और बीमा सस्ता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बजट 2026 को लेकर आम जनता की उम्मीदें बढ़ गई हैं। खासकर मिडिल क्लास और छोटे परिवार इस बार ऐसे कदमों की तलाश में हैं, जो सीधे उनकी जेब पर असर डालें। महंगाई और रोजमर्रा के खर्चों के बीच लोग चाहते हैं कि बजट उनके जीवन को आसान बनाएं और खर्चों में राहत दे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बजट सिर्फ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम परिवारों के लिए कई राहत पैकेज भी ला सकता है।

मुंबई स्थित विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कविता कनबार के अनुसार, बजट 2026 का फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस और एक्सपोर्ट्स पर रहेगा। इससे प्राइवेट इन्वेस्टमेंट बढ़ेगा और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मजबूत होगी। साथ ही आम आदमी को टैक्स, जीएसटी और बीमा में भी राहत मिलने की संभावना है।



रेलवे, सड़क, एयर और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित कई प्रमुख सेक्टर्स में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मिडिल क्लास परिवारों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कस्टम और टैक्स सिस्टम में सुधार, से सुधार और टैरिफ रेशनलाइजेशन भी महंगाई से राहत दिलाने में मदद करेंगे।

बीमा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी राहत की संभावना है। इस बार जीएसटी में छूट और जीवन तथा स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स छूट बढ़ सकती है। इससे मिडिल क्लास परिवारों के लिए बीमा लेना और इलाज के खर्च में राहत पाना आसान होगा। इसके अलावा एमएसएमई और स्टार्टअप्स को टैक्स-फ्री प्रोत्साहन मिलने से छोटे व्यवसायों की उत्पादकता बढ़ेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आम आदमी उम्मीद करता है कि बजट 2026 घर, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों में राहत देगा और टैक्स के बोझ को कम करेगा। अगर ये पहलू ध्यान में रखे गए, तो यह बजट मिडिल क्लास और छोटे परिवारों के लिए राहत का बड़ा पैकेज साबित हो सकता है।

## तेलंगाना: गर्ल्स हॉस्टल के एसी में जोरदार धमाका, छह लड़कियां बेहोश

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरि जिले में स्थित नाइन एजुकेशन नामक गर्ल्स हॉस्टल में शुक्रवार की सुबह करीब 4:40 बजे एसी में जोरदार धमाका हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार यह हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ। धमाके के तुरंत बाद हॉस्टल में आग फैल गई। इस दौरान एक कमरे में छह लड़कियां बेहोश अवस्था में पाई गईं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दमकल विभाग की टीम के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बचा। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम घटनास्थल पर पहुंची और बेहोश लड़कियों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। अधिकारियों ने कहा कि शॉर्ट सर्किट के कारण हुए नुकसान का अभी आकलन किया जा रहा है। यह घटना हॉस्टल सुरक्षा और आग से बचाव के महत्व को दोबारा उजागर करती है। इससे पहले शनिवार को हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में चार मंजिला फर्नीचर की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की



मौत हो गई थी। दुकान के बेसमेंट में रहने वाले लोग आग में फंस गए थे। दमकल विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि आग लापरवाही और अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री के कारण तेजी से फैल गई थी। मेडचल-मलकाजगिरि हादसे में भी आग फैलने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की तत्परता के कारण बड़ी क्षति और जान-माल का नुकसान टला। अधिकारियों ने हॉस्टल प्रबंधन और छात्रों को आग सुरक्षा के उपायों पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी है। यह घटना शिक्षा संस्थानों में सुरक्षा इंतजामों की अहमियत को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

# गणतंत्र दिवस की ढेरों बधाइयाँ। एकजुट होकर मजबूत और विकसित भारत बनाएं।

















